卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 238 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦ 4 जून 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# खराब मौसम बना बाधा, अल्मोड़ा नहीं पहुंच सके राहुल गांधी

## फोन से कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, कहा- मोदी सरकार की गलत नीतियों ने देश में पैदा किया आर्थिक संकट






अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का अल्मोड़ा दौरा बुधवार को खराब मौसम के कारण रद्द हो गया। दिल्ली से पंतनगर पहुंचने के बाद राहुल गांधी हेलीकॉप्टर से अल्मोड़ा के लिए रवाना हुए थे, लेकिन प्रतिकूल मौसम और खराब दृश्यता के चलते उनका हेलीकॉप्टर अल्मोड़ा में उतर नहीं सका और उन्हें वापस पंतनगर लौटना पड़ा। हालांकि, राहुल गांधी ने फोन के माध्यम से जनसभा को संबोधित कर कार्यकर्ताओं और समर्थकों से संवाद किया। अल्मोड़ा के सिमकनी मैदान में आयोजित जनसभा और रैली को लेकर कांग्रेस संगठन पिछले कई दिनों से व्यापक तैयारियों में जुटा हुआ था। राहुल गांधी के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा था। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग जनसभा स्थल पर पहुंचने लगे थे और दोपहर तक मैदान कार्यकर्ताओं और कांग्रेस समर्थकों से भर गया। राहुल गांधी के अल्मोड़ा नहीं पहुंच पाने की सूचना मिलने के बाद कार्यकर्ताओं में निराशा जरूर देखने को मिली, लेकिन बाद में उनके फोन से दिए गए संबोधन ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भर दिया। उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने अपने मोबाइल फोन के माध्यम से राहुल गांधी का संबोधन जनसभा स्थल पर मौजूद लोगों को सुनाया। फोन पर संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने नोटबंदी और जीएसटी का उल्लेख करते हुए कहा कि इन फैसलों ने छोटे व्यापारियों, किसानों और मध्यम वर्ग को सबसे अधिक प्रभावित किया है। राहुल गांधी ने कहा कि नोटबंदी के माध्यम से आम लोगों की मेहनत की कमाई पर चोट की गई और छोटे कारोबारों की रीढ़ तोड़ दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की आर्थिक व्यवस्था को कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों के हितों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है, जबकि आम जनता लगातार आर्थिक (शेष पृष्ठ सात पर)

# कंपनी जाते श्रमिक की ट्राले की टक्कर से मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: साईकिल पर सवार होकर रोज की तरह सिडकुल की कम्पनी में काम के लिए जा रहे एक श्रमिक को सिडकुल क्षेत्र में अनियंत्रित ट्राला ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। श्रमिक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहा उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम भरोला फतेहगंज बरेली निवासी 45 वर्षीय हरपाल सिंह पुत्र नत्थू लाल पिछले काफी समय से अपनी पत्नी नन्ही, तीन पुत्रों दिनेश, अर्जुन व भास्कर तथा एक पुत्री लक्की के साथ मौहल्ला ठाकुरनगर ट्रांजिट कैम्प में किराये के कमरे में रहता था और सिडकुल की एक कम्पनी में काम कर परिवार का भरण पोषण करता था। हरपाल रोज की तरह आज भी सुबह घर से साईकिल पर सवार होकर कम्पनी में काम के लिए रवाना हुआ। बताया जाता है कि सिडकुल क्षेत्र में पीछे की ओर से तेज गति से आते अज्ञात ट्राला चालक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में हरपाल सिंह साईकिल से गिरकर लहूलुहान अवस्था में घायल होकर सड़क पर गिर गया। राह गुजरते लोगों के शोर मचाने पर ट्राला चालक वाहन छोड़ मौके से भाग गया। मामले की जानकारी मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिसकर्मी वहां आ पहुंचे और गंभीर रूप से घायल हरपाल सिंह को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया(शेष पृष्ठ सात पर)

# पंतनगर में राहुल गांधी का कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत



पंतनगर। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राहुल गांधी अल्मोड़ा जाने के लिए दिल्ली से पंतनगर पहुंचे थे, जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। एयरपोर्ट पर राहुल गांधी कुछ समय तक रुके और इस दौरान उन्होंने प्रदेश के कांग्रेस नेताओं के साथ संगठनात्मक एवं राजनीतिक विषयों पर चर्चा की। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर से अल्मोड़ा के लिए रवाना हुए, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हेलीकॉप्टर कुछ देर बाद वापस पंतनगर लौट आया। पंतनगर लौटने के बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस नेताओं के साथ आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विचार विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के राजनीतिक हालात और पार्टी की आगामी रणनीति पर भी चर्चा की। इसके बाद राहुल गांधी वापस दिल्ली लौट गये। राहुल गांधी के स्वागत के दौरान कांग्रेस (शेष पृष्ठ सात पर)

# नाबालिग के संपर्क में आकर किशोरी बन गई मां

लालकुआं (उद संवाददाता)। लालकुआं कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हल्दूचौड़ में एक 16 साल की किशोरी पड़ोस के नाबालिग किशोर के संपर्क में आकर मां बन गई और उसने अस्पताल में स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। पुलिस ने आरोपी किशोर के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार पीड़ित किशोरी की मां का पूर्व में ही देहांत हो चुका है। वह अपनी तीन बहनों और पिता के साथ रहती है। बीते दिनों अचानक किशोरी के पेट में तेज दर्द उठने पर परिजन उसे सामान्य बीमारी समझकर आनन-फानन में हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों द्वारा जब किशोरी का मेडिकल चेकअप किया, तो पता चला कि किशोरी गर्भवती है और उसे प्रसव पीड़ा हो रही है। दर्द असहनीय होने के कारण डॉक्टरों को तुरंत उसका प्रसव कराना पड़ा। किशोरी ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। फिलहाल मां और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार पड़ोस में ही रहने वाले एक किशोर ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था, जिसके बाद वह गर्भवती हो गई। (शेष पृष्ठ सात पर)

# रंगदारी मामले में विकास सागर समेत तीन गिरफ्तार



रूद्रपुर/गदरपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर पुलिस ने अवैध वसूली और रंगदारी के जरिए लोगों को आतंकित करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए भाजपा नेता विकास सागर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त कार तथा अन्य मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मामले का एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार ग्राम सरोवर नगर निवासी फईम अहमद ने कोतवाली गदरपुर में तहरीर देकर बताया था कि एक जून 2026 को उसका भाई वरीस अहमद रुद्रपुर से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मसीत गांव जाने वाले मार्ग पर भाजपा नेता विकास सागर अपने साथियों अमित सागर, प्रदीप दिवाकर और गोलू कोटिया के साथ कार में पहुंचा और उसे जबरन वाहन में बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने बलपूर्वक उसका ओप्पो मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि मुख्य आरोपी विकास सागर शिकायत कर्ता के भाई को पुलिस एवं प्रशासनिक कार्रवाई का भय दिखाकर प्रतिमाह लगभग 35 हजार रुपये की अवैध वसूली करता था। पुलिस के अनुसार लूटे गए मोबाइल फोन में आरोपी के खिलाफ महत्वपूर्ण साक्ष्य मौजूद थे, जिन्हें नष्ट करने के उद्देश्य से फोन छीना गया था। एसएसपी अजय गणपति के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छतरपुर क्षेत्र स्थित डिवाइन सिटी कॉलोनी में घेराबंदी कर विकास सागर, अमित सागर और प्रदीप दिवाकर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना को स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर गुलरभोज फ्लाईओवर के पास झाड़ियों से लूटा गया ओप्पो ए 78 मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से मोबाइल फोन का सिम कार्ड तोड़ दिया था तथा फोन को फॉर्मेट कर दिया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की बलेनो कार संख्या यूके06बीएच8088 को भी कब्जे में ले लिया है। इस मामले में कोतवाली गदरपुर में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कई अन्य मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। मामले का चौथा आरोपी (शेष पृष्ठ सात पर)

# दस लाख की चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत ऊधमसिंह नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और पंतनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब 10 लाख रुपये कीमत की 1 किलो 150 ग्राम अवैध चरस के साथ दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर उत्तम सिंह नेगी के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन वैभव सैनी और क्षेत्राधिकारी पंतनगर डी.आर. वर्मा के पर्यवेक्षण में एएनटीएफ और पंतनगर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। बुधवार को रेलवे फाटक के आगे सैनिक फार्म जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान सुमित सिंह चमयाल के कब्जे से 1 किलो 43 ग्राम तथा योगेश लमगड़िया के कब्जे से 107 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। (शेष पृष्ठ सात पर)

# निगम कर्मियों ने पार्षद पति से की मारपीट



रूद्रपुर। किच्छा रोड़ पर सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम के साथ एक पार्षद से कहासुनी हो गई। पार्षद पति का आरोप है कि निगम कर्मी ने उसका गिरेबान पकड़कर उसके साथ मारपीट की। वहीं दूसरी ओर निगम कमियों ने भी पार्षद पति पर मारपीट का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि नगर निगम की टीम किच्छा रोड़ पर सड़क किनारे से अतिक्रमण हटा रही थी। जब टीम भूत बंगला गेट के सामने रम्पुरा की ओर पहुंच कर अतिक्रमण हटा रही थी इसी दौरान सागर नाम के व्यक्ति के जूस के ठेले पर लगे छाते को निगम कर्मी हटाने लगे तो सागर ने वहां मौजूद रम्पुरा वार्ड 23 की पार्षद अंजलि कोली के पति राजू कोली को मदद के लिए आवाज दी। जिस पर राजू वहां पहुंचा और निगम कर्मियों से छाता न ले जाने के लिए कहने लगा। निगम कर्मियों ने कहा कि इसका उनके पास आदेश है। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई। पार्षद पति निगम प्रतिनिधि का आरोप है कि निगम कर्मी ने गिरेबान पकड़ लिया और मारपीट करने लगा। वहीं दूसरी ओर निगम कर्मियों ने भी पार्षद पर मारपीट का आरोप लगाया है। राजू कोली ने घटना की शिकायत निगम कार्यालय में की साथ ही सीएम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करा दी। निगम अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी।

# चारधाम यात्रियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता: धामी

## मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप का औचक निरीक्षण कर चारधाम यात्रा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच, आवास, पेयजल और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करने के साथ विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं से संवाद कर यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को पंजीकरण के लिए किसी प्रकार का इंतजार न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यात्रा व्यवस्थाओं को और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाया जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य जांच केंद्रों का निरीक्षण करते हुए यात्रियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने ट्रांजिट कैंप में श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और बढ़ती गर्मी को देखते हुए अतिरिक्त कुलर लगाने, पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को मजबूत करने के





निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर बेहतर भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने ट्रांजिट कैंप में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों से भी संवाद किया। उन्होंने कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह देते हुए कहा कि यात्रियों का स्वागत अतिथि देवो भव: की भावना से किया जाए और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार सहित विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं से बातचीत की। यात्रियों ने पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच, आवास और अन्य सुविधाओं को संतोषजनक बताते हुए राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। कई बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री से भेंट कर यात्रा को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने सभी यात्रियों का कुशलक्षेम जानकर उन्हें सुरक्षित एवं सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं। ट्रांजिट कैंप में श्रद्धालुओं के लिए एलईडी स्क्रीन के माध्यम से रामायण और महाभारत के प्रसारण की व्यवस्था भी की गई है। यात्रियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रतीक्षा के दौरान उन्हें आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण का अनुभव हो रहा है। उत्तर प्रदेश से आई कामिनी ने बताया कि ट्रांजिट कैंप में कूलर, पंखे, पेयजल और अन्य सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था है तथा धार्मिक कार्यक्रमों के प्रसारण से समय भी सहजता से व्यतीत हो रहा है। आजमगढ़ से आए शुभम ने बताया कि यात्रा शुरू करने और पूरी करने के बाद भी उन्होंने ट्रांजिट कैंप की सुविधाओं का लाभ लिया है। मध्य प्रदेश के ओमप्रकाश ने भी कैंप में उपलब्ध भोजन, स्वास्थ्य जांच और अन्य व्यवस्थाओं की सराहना की। ट्रांजिट कैंप परिसर में श्रद्धालुओं के लिए लगातार लंगर और नि:शुल्क भोजन-पानी की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा स्थानीय उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक उत्पाद और स्वरोजगार से जुड़े सामान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे एक ओर श्रद्धालुओं को स्थानीय उत्पादों की जानकारी मिल रही है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर भी प्राप्त हो रहा है।

# कांग्रेस के सुपरस्टार बनकर छाए ठुकराल, भाषण पर गूंजती रहीं तालियां

अल्मोड़ा। कांग्रेस की विशाल जनसभा में रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने दमदार अंदाज और आक्रामक भाषण से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। मंच पर पहुंचते ही ठुकराल का स्वागत जोरदार नारों और तालियों के साथ हुआ। सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं और आम लोगों के बीच वह किसी कांग्रेस के सुपरस्टार की तरह नजर आए। अपने संबोधन में ठुकराल ने भाजपा की नीतियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता गाय को माता बताकर सम्मान देने की बात करते हैं, लेकिन देश में गौमांस निर्यात को लेकर सरकार की नीतियां सवालों के घेरे में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के कई बड़े होटलों के मेनू में गौमांस को प्रमुखता से दर्शाया जा रहा है, जो देश की संस्कृति और परंपराओं के विपरीत है। ठुकराल के भाषण पर सभा स्थल कई बार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उनके भाषण के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए उमड़ पड़े। सभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पहुंचने का कार्यक्रम था, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हेलीकॉप्टर अल्मोड़ा नहीं पहुंच सका। इसके बाद राहुल गांधी वापस पंतनगर हवाई अड्डे पहुंचे और वहीं से फोन से जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि राहुल गांधी की अनुपस्थिति के बावजूद राजकुमार ठुकराल ने अपने प्रभावशाली संबोधन से सभा में जोश भर दिया और कार्यकर्ताओं का उत्साह बनाए रखा। उनकी मौजूदगी ने जनसभा को नई ऊर्जा देने का काम किया।





# जन्म से शिक्षा तक बच्चों की होगी डिजिटल ट्रैकिंग

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेश के बच्चों की जन्म से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सभी गतिविधियों की डिजिटल ट्रैकिंग और मैपिंग के लिए एकीकृत व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रूप से एक सिंगल प्लेटफॉर्म तैयार करने को कहा गया है। बुधवार को सचिवालय में शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यार्थियों की ट्रैकिंग एवं मैपिंग को लेकर आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने सभी बच्चों की आभा आईडी और अपार आईडी बनाए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में इन दोनों प्लेटफॉर्म के माध्यम से ट्रैकिंग की जा रही है, लेकिन इन्हें और अधिक उन्नत बनाकर एक ऐसी समेकित प्रणाली विकसित की जानी चाहिए, जिससे बच्चे के जन्म से लेकर उसके स्वास्थ्य और शैक्षणिक विकास का संपूर्ण रिकॉर्ड उपलब्ध रह सके। मुख्य सचिव ने कहा कि नई व्यवस्था में जन्म के बाद टीकाकरण, आंगनबाड़ी में पंजीकरण, विद्यालय में प्रवेश, शैक्षणिक उपलब्धियों तथा स्कूल शिक्षा पूर्ण होने तक का पूरा डाटा एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा। इससे संबंधित विभागों को बच्चों की प्रगति पर नजर रखने में सुविधा होगी और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी मदद मिलेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसा तंत्र विकसित किया जाए, जिसमें बच्चे की आयु के अनुसार टीकाकरण, आंगनबाड़ी में प्रवेश अथवा विद्यालय में नामांकन के लिए पात्र होने पर अभिभावकों को स्वत: एसएमएस के माध्यम से सूचना प्राप्त हो सके। साथ ही संबंधित विभाग भी बच्चों का नियमित फॉलोअप कर सकें। मुख्य सचिव ने शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र तथा सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी के अधिकारियों को संयुक्त रूप से मंथन कर इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस विषय पर शीघ्र पुन: बैठक आयोजित कर प्रगति की समीक्षा करने को भी कहा। बैठक में सचिव रविनाथ रमन, विनय शंकर पाण्डेय, सी. रविशंकर, अपर सचिव रीना जोशी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# मुठभेड़ में राजस्थान के दो बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस फायरिंग में एक बदमाश घायल, तीन अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी

देहरादून (उद संवाददाता)। देहरादून में बुधवार तड़के दून पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में राजस्थान के दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे आरोपी को पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया। पुलिस फरार तीन अन्य बदमाशों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार नयागांव चौकी बैरियर पर नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान राजस्थान नंबर की एक संदिग्ध स्विफ्ट कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन कार सवार बदमाशों ने बैरियर को टक्कर मारते हुए फरार होने की कोशिश की और सेलाकुई की ओर भाग निकले। इसके बाद पुलिस टीम ने उनका पीछा शुरू कर दिया। पीछा करते हुए बदमाश चांदनी चौक से भूरपुर की ओर पहुंचे और रामगढ़ के रपटे के पास अपनी कार छोड़कर नदी की ओर भागने लगे। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्म रक्षा के तहत फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया। घायल आरोपी की पहचान रिंकू मीणा के रूप में हुई है। वहीं दूसरे आरोपी विनोद कुमार मीणा को पुलिस ने पीछा कर गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को तत्काल प्रेमनगर चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए दून अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल के साथ ही अस्पताल पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से दो देशी तमंचे, खोखा कारतूस, जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद की है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घायल आरोपी रिंकू मीणा के खिलाफ राजस्थान में हत्या सहित कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं गिरफ्तार आरोपी विनोद कुमार मीणा के विरुद्ध भी राजस्थान के विभिन्न थानों में कई संगीन मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फरार तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। साथ ही गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास और उनके उत्तराखंड में आने के उद्देश्य की भी गहन जांच की जा रही है।



# सिंगल विंडो मामलों में देरी पर मुख्य सचिव नाराज

## सभी जिलाधिकारियों को दिये समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में सिंगल विंडो प्रणाली के अंतर्गत निवेश संबंधी राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति की 65वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश में निवेश से जुड़े उन नए प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई, जिन्हें महानिदेशक एवं आयुक्त उद्योग स्तर पर स्वीकृति दी जा चुकी है। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने जनपद स्तर पर धारा 143 (भूमि उपयोग परिवर्तन) तथा धारा 154 से संबंधित विभिन्न प्रकरणों के निस्तारण में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को सिंगल विंडो प्रणाली से जुड़े मामलों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सचिव उद्योग को भी विलंबित प्रकरणों के संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो प्रणाली के माध्यम से मिलने वाली सभी स्वीकृतियों और अनापत्तियों के लिए निर्धारित समय सीमा तय है तथा उसी अवधि के भीतर सभी प्रक्रियाएं पूर्ण की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाना आवश्यक है। इसके लिए संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का जल्द समाधान सुनिश्चित करना होगा। बैठक में सचिव विनय शंकर पाण्डेय, डॉ. वी. षणमुगम, सी. रविशंकर, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव सौरभ गहरवार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोवंश संरक्षण अधिनियम में दो को मिली अग्रिम जमानत

काशीपुर। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, काशीपुर मनोज गर्ब्याल की अदालत ने उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम, 2007 के तहत दर्ज एक मामले में दो आरोपियों को अग्रिम जमानत प्रदान की है। न्यायालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा एवं अधिवक्ता सैयद आसिफ अली द्वारा प्रस्तुत तर्कों और अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद यह आदेश पारित किया। जानकारी के अनुसार थाना आईटीआई, काशीपुर में एफआईआर संख्या 132/2026 के अंतर्गत धारा 3/5/11(1) उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम, 2007 के तहत सद्दाम निवासी फरीदनगर, ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) तथा जरीफ निवासी गुलड़िया, काशीपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों की ओर से न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा और अधिवक्ता सैयद आसिफ अली ने न्यायालय के समक्ष दलील दी कि अभियुक्तों का कथित घटना से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। उन्हें घटनास्थल से गिरफ्तार नहीं किया गया तथा उनके कब्जे से कोई आपत्तिजनक सामग्री या अवशेष भी बरामद नहीं हुए। उन्होंने यह भी तर्क रखा कि अभियुक्त जांच में पूरा सहयोग करने को तैयार हैं और न्यायालय द्वारा निर्धारित सभी शर्तों का पालन करेंगे। वहीं अभियोजन पक्ष ने जमानत का विरोध करते हुए मामले को गंभीर प्रकृति का बताया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने तथा केस डायरी एवं उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद न्यायालय ने पाया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी मौके से नहीं हुई है और मामला विचारणीय है। इसके बाद न्यायालय ने सद्दाम एवं जरीफ की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार करते हुए आदेश दिया कि गिरफ्तारी की स्थिति में दोनों आरोपियों को 50-50 हजार रुपये के व्यक्तिगत मुचलके एवं समान राशि के दो-दो जमानतदार प्रस्तुत करने पर रिहा किया जाए। साथ ही उन्हें जांच में सहयोग करने, गवाहों को प्रभावित न करने तथा न्यायालय की अनुमति के बिना देश न छोड़ने की शर्तों का पालन करना होगा।

# गन्ना भुगतान और जमीनों की खरीद-फरोख्त के मामले में धांधली पर विधायक बेहड़ मुखर

## चोरी की बढ़ती घटनाओं पर विशेष टीम गठित करने की मांग



किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने किसानों की समस्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसान पहले ही फसलों को हुए नुकसान, प्रतिकूल मौसम, बढ़ती महंगाई एवं खाद की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे कठिन समय में किच्छा चीनी मिल पर किसानों का लगभग इक्कीस करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान बकाया होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी मेहनत का पैसा समय पर मिलना चाहिए ताकि वे अपनी आजीविका एवं खेती-किसानी के कार्य सुचारू रूप से संचालित कर सकें। उन्होंने बताया कि इसी संबंध में उन्होंने बीते तहसील दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष किसानों की समस्या प्रमुखता से उठाई थी और बकाया भुगतान तत्काल कराए जाने की मांग की थी। बेहड़ ने सीलिंग की भूमि के अवैध खरीद-फरोख्त पर सवाल उठाते हुए कहा कि कुछ प्रभावशाली लोग अपने राजनीतिक प्रभाव का उपयोग कर सीलिंग की जमीन को सस्ते दामों पर खरीदने और खुर्द-बुर्द करने में लगे हैं। ऐसे कई मामले न्यायालय एवं प्रशासनिक स्तर पर विचाराधीन हैं। उन्होंने सरकारी एवं सीलिंग भूमि से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने लालपुर, शिमला पिस्तौर एवं आसपास के क्षेत्रों में कॉलोनाइजरों द्वारा एक ही प्लॉट की दोहरी रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज के मामलों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में सफेदपोश नेताओं के परिवार के नाम भी सामने आ रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की जीवनभर की पूंजी खतरे में है। विधायक ने रजिस्ट्रार विभाग से इन मामलों की गहन जांच करने को कहा। विधायक बेहड़ ने क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को चिंताजनक बताते हुए कहा कि चकौनी निवासी मुन्ना कुमार के घर हुई चोरी की घटना निंदनीय है। उन्होंने पीड़ित परिवार से भेंट कर उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और पुलिस अधिकारियों से घटना के शीघ्र खुलासे की मांग की। उन्होंने कहा कि किच्छा, लालपुर और रामेश्वरपुर में हुई पूर्व की चोरी की घटनाएं अब तक अनसुलझी हैं, जिससे जनता में भय का माहौल है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से चोरी की वारदातों को रोकने के लिए विशेष टीम गठित करने और अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। इससे पूर्व विधायक ने टीन कालोनी, किशनपुर, नानकनगर, बंडिया और आदर्श नगर में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

# पंतनगर विश्वविद्यालय में शोध और नवाचार को गति देगा ब्रेन (3.0) सम्मेलन

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कुलपति डा. एस.के. कश्यप ने शोध, नवाचार और उद्योग-अकादमिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की कार्ययोजना साझा की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में 26 और 27 जून को दो-दिवसीय ब्रेन (3.0) सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में पूर्व छात्र, वैज्ञानिक, शोधकर्ता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और विभिन्न विशेषज्ञ भाग लेंगे। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में बहुविषयक शोध को प्राथमिकता दी जा रही है और अब तक विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को लगभग 45 शोध परियोजनाएं भेजी गई हैं। भविष्य में ऐसे परिणामोन्मुख शोधों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिनका सीधा लाभ किसानों और समाज को मिल सके। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीज उत्पादन और प्राकृतिक व जैविक खेती के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इसके लिए सेंटर ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की स्थापना की योजना है। साथ ही शिक्षा और नवाचार को सशक्त बनाने के लिए विजिटिंग एडजंक्ट फैकल्टी और प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस को जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि पेटेंट, शोध प्रकाशन और प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रत्येक विभाग को गुणवत्तापूर्ण शोध परियोजनाओं के माध्यम से संसाधन जुटाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। डा. कश्यप ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को टिकाऊ बनाने के लिए प्राकृतिक खेती, एकीकृत कृषि प्रणाली, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक कीट प्रबंधन और समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देना अनिवार्य है। उन्होंने वैज्ञानिकों से किसानों की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए व्यावहारिक तकनीकें विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में निदेशक संचार डा. जे.पी जायसवाल ने मीडिया प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक संचार डा. अर्पिता शर्मा कांडपाल भी उपस्थित रहीं।



# सीए एसोसिएशन ने महापौर से की आईसीएआई भवन के लिए भूमि आवंटन की मांग

रुद्रपुर। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) की हल्द्वानी शाखा के लिए स्थायी भवन निर्माण को लेकर सीए एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर विकास शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में रुद्रपुर और हल्द्वानी के मध्य लगभग 10 हजार वर्ग फीट भूमि आवंटित किए जाने की मांग की गई है, ताकि कुमाऊं क्षेत्र में आईसीएआई का अत्याधुनिक संस्थागत भवन स्थापित किया जा सके। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में आईसीएआई की हल्द्वानी शाखा किराये के परिसर से संचालित हो रही है, जिससे शाखा की गतिविधियों, सदस्यों और विद्यार्थियों की बढ़ती आवश्यकताओं की पूर्ति करना कठिन हो रहा है। ऐसे में स्थायी भवन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आईसीएआई देश की प्रतिष्ठित वैधानिक संस्था है, जिसकी स्थापना चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम 1949 के तहत की गई थी। संस्था लेखांकन, लेखा परीक्षा, कराधान, वित्तीय प्रबंधन, कॉर्पोरेट गवर्नेंस और व्यावसायिक नैतिकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वर्तमान में देशभर में इसकी 186 शाखाएं कार्यरत हैं, जहां सदस्यों और विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण, सेमिनार, कार्यशालाएं और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि उत्तराखंड, विशेष रूप से कुमाऊं क्षेत्र के युवा व्यावसायिक शिक्षा और चार्टर्ड अकाउंटेंसी जैसे पाठ्यक्रमों के प्रति लगातार आकर्षित हो रहे हैं। हालांकि आधुनिक प्रशिक्षण और संस्थागत सुविधाओं के अभाव में अनेक विद्यार्थियों को राज्य से बाहर जाना पड़ता है। प्रस्तावित आईसीएआई भवन बनने से स्थानीय युवाओं को अपने क्षेत्र में ही उच्च स्तरीय व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। प्रस्तावित भवन में प्रशिक्षण कक्ष, सेमिनार हॉल, पुस्तकालय, डिजिटल लर्निंग सेंटर, अध्ययन कक्ष, प्रोफेशनल डेवलपमेंट सेंटर तथा उद्यमियों और उद्योग जगत के लिए परामर्श सुविधाएं विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। संस्था का कहना है कि यह केंद्र कौशल विकास, स्वरोजगार, स्टार्टअप प्रोत्साहन और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि यह परियोजना राज्य में वित्तीय जागरूकता, कर अनुपालन, कॉर्पोरेट गवर्नेंस और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी। साथ ही यह उत्तराखंड सरकार की कौशल विकास और आर्थिक विकास की योजनाओं को भी मजबूती प्रदान करेगी। प्रतिनिधिमंडल ने अनुरोध किया कि रुद्रपुर और हल्द्वानी के मध्य उपयुक्त स्थान पर लगभग 10 हजार वर्ग फीट भूमि आवंटित की जाए। संस्था ने यह भी स्पष्ट किया कि भूमि का मूल्य शासन की निर्धारित प्रक्रिया और नियमों के अनुसार भुगतान करने के लिए आईसीएआई पूरी तरह सहमत और प्रतिबद्ध है। महापौर विकास शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक प्राथमिकता के साथ पहुंचाया जाएगा तथा इस महत्वपूर्ण मांग के संबंध में सकारात्मक पहल का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की टीम: ,सीए मोहित देव, सीए चेतन खुराना, सीए अंकित, प्रताप सिंह, सीए अभिषेक बठला, सीए मोहित गंभीर, सीए पारस सुराना, सीए विजेंद्र माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।




# निजी अस्पताल की डॉक्टर पर कार्रवाई, दो माह के लिए पंजीकरण निलंबित

रुद्रपुर। उपचार में लापरवाही और मरीज की उपेक्षा के मामले में उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल ने एक निजी अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शाहीन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। काउंसिल ने उनका पंजीकरण तत्काल प्रभाव से दो माह के लिए निलंबित कर दिया है। इस अवधि के दौरान वह किसी भी चिकित्सा संस्थान में चिकित्सकीय सेवाएं नहीं दे सकेंगी। जानकारी के अनुसार बाजपुर निवासी कुलदीप कौर ने 18 अगस्त 2025 को न्यू बेबी हॉस्पिटल के चिकित्सकों के खिलाफ उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उपचार के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए थे। मामले की जांच काउंसिल की नैतिकता, अनुशासनात्मक एवं पंजीकरण समिति ने की। जांच में डॉ. शाहीन को मरीज के उपचार में लापरवाही और उपेक्षा का दोषी पाया गया। इसके बाद काउंसिल ने आयुर्विज्ञान परिषद (व्यावसायिक आचरण, शिष्टाचार एवं नैतिकता) विनियम-2002 तथा उत्तराखंड आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम-2002 के तहत कार्रवाई करते हुए उनका पंजीकरण दो माह के लिए निरस्त कर दिया। काउंसिल के सीएमओ डॉ. के. के. अग्रवाल ने संबंधित आदेशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई चिकित्सकीय सेवाओं में लापरवाही के मामलों पर काउंसिल के सख्त रुख को दर्शाती है।

# 54 पाउच कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

किच्छा। कोतवाली पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बरौड़ा मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति सफेद कट्टा लेकर जाता दिखाई दिया। पूछताछ और तलाशी में कट्टे से 54 पाउच (करीब 18 लीटर) कच्ची शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम बंटी पुत्र रामपाल निवासी चकौनी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्मैक तस्करी में युवक गिरफ्तार, 6.70 ग्राम हेरोइन और स्कूटी बरामद

नानकमत्ता। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी प्रतापपुर पुलिस ने एक युवक को स्मैक (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 3 जून 2026 की शाम चौकी प्रभारी प्रतापपुर उपनिरीक्षक राजेन्द्र पन्त पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बैराज डैम से मच्छी झाला की ओर जाते समय बिसोटा की तरफ से आ रही एक स्कूटी संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी। पुलिस ने स्कूटी सवार को रोकने का प्रयास किया तो वह वापस मुड़ने लगा, लेकिन स्कूटी बंद हो गई। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम हिमांशु गिरी (25 वर्ष) पुत्र श्याम प्रसाद निवासी हिल व्यू कॉलोनी, खटीमा बताया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपनी जेब से कुछ निकालकर हथेली में छिपाने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली, जहां से एक 7.35 ग्राम 6.70 स्मैक /हीरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी की स्कूटी संख्या यूके 06बीडी -4246 को भी कब्जे में ले लिया। जांच में पता चला कि स्कूटी उसकी बहन मंजू गिरी के नाम पंजीकृत है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह स्वयं भी स्मैक का सेवन करता है तथा इसे अन्य लोगों को बेचता भी है। उसने पुलिस को बताया कि बरामद स्मैक उसने बिसोटा निवासी सुखविन्दर सिंह उर्फ बिट्टू से खरीदी थी और इससे पहले भी कई बार उससे नशा खरीद चुका है।

# बीएलओ और सुपरवाइजरों का द्वितीय चरण का हुआ प्रशिक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर चलाए जा रहे निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में विधानसभा क्षेत्र रूद्रपुर, नानकमत्ता एवं काशीपुर में द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुधवार को विधानसभा क्षेत्र रूद्रपुर के जिला सभागार में एसएलएमटी उपजिलाधिकारी गौरव पाण्डेय एवं डीएलएमटी विनय कुमार द्वारा बीएलओ सुपरवाइजरों, बीएलओ, पदाभिहित अधिकारियों तथा आईटी कार्मिकों को तीन पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी गौरव पाण्डेय ने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्व है। प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों को गंभीरता से समझना आवश्यक है ताकि क्षेत्र में कार्य करते समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि यदि किसी विषय को लेकर कोई शंका हो तो प्रशिक्षण के दौरान ही प्रशिक्षकों से उसकी पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। प्रशिक्षण सत्र में निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। गणना प्रपत्रों को मतदाताओं तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने तथा प्राप्त प्रपत्रों को मोबाइल एप के माध्यम से सफलतापूर्वक डिजिटाइज करने की प्रक्रिया का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जिन मतदाताओं से गणना प्रपत्र वापस प्राप्त नहीं हो पाए हैं, उनके प्रपत्रों को डिजिटाइज करने की विशेष प्रक्रिया को भी डिजिटल प्रस्तुतीकरण के माध्यम से व्यावहारिक रूप से समझाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार दिनेश कुटौला, पदाभिहित अधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ तथा आईटी कार्मिक उपस्थित रहे।



**कार्यालय नगर निगम रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)**

Tel 05944-242400 e-mail : nagarnigamrudrapur@gmail.com visit-www.nagarnigamrudrapur.com

पत्रांक : 642/स्वा.अनु./2026-27 **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक : 03.06.2026

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय में योजित सिविल अपील संख्या- 6174/2023 व 7728/2023 भोपाल म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन बनाम डॉ सुभाष सी. पाण्डे व अन्य में पारित आदेश दिनांक 19.02.2026 एवं 29.04.2026 व 05.05.2026 के अनुपालन के लिए मा. महापौर की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में दिनांक 10.06.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जानी प्रस्तावित है। बैठक में होटल, रेस्टोरेंट, डेरी व्यवसाय, अस्पताल, व्यापार मंडल, शैक्षणिक संस्थान, महिला स्वयं सहायता समूह सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर क्षेत्र में घरेलू एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में उत्पन्न होने वाले गीले, सूखे, प्लास्टिक एवं बायोमेडिकल अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को प्रभावी बनाना है। साथ ही जनसहभागिता को बढ़ावा देकर स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

नगर निगम प्रशासन क्षेत्र के सभी विभागों, संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों एवं नागरिकों से बैठक में समय से उपस्थित होकर आवश्यक सहयोग प्रदान करने एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के अनुपालन किये जाने में सक्रिय सहयोग के लिए अपील करता है।

(शिप्रा जोशी पाण्डेय) नगर आयुक्त नगर निगम, रुद्रपुर (ऊ.सिं. नगर)

(विकास शर्मा) महापौर नगर निगम, रुद्रपुर (ऊ.सिं.नगर)

# खाद्य कारोबारियों को दी खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के मानकों की जानकारी



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड विनय शंकर पाण्डेय के निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को रुद्रपुर स्थित होटल रेजिडेंसी में होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसाय से जुड़े खाद्य कारोबारकर्ताओं, संचालकों, प्रबंधकों, मुख्य रसोइयों तथा अन्य प्रतिनिधियों के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम एवं विनियम 2011 से संबंधित जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़े मानकों एवं प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपयुक्त खाद्य सुरक्षा कुमाऊं मंडल डॉ. राजेन्द्र सिंह कत्यायत ने खाद्य सुरक्षा के उद्देश्य सुरक्षित आहार, स्वस्थ जीवन विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता, खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन, एफएसएसएआई की भूमिका, खाद्य कारोबारियों की जिम्मेदारियों तथा जनस्वास्थ्य संरक्षण के विषय में जानकारी दी। उन्होंने एफएसएसएआई लाइसेंस की अनिवार्यता, एक्सपायरी खाद्य पदार्थों के प्रबंधन तथा खाद्य उत्पादों की पैकेजिंग एवं लेबलिंग से जुड़े प्रावधानों को भी विस्तार से समझाया। सहायक आयुक्त एवं अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा ऊधम सिंह नगर ललित मोहन पाण्डेय ने खाद्य कारोबार संचालन से संबंधित गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज, गुड हाइजीन प्रैक्टिसेज तथा खाद्य सुरक्षा के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने अनुसूची चार के तहत स्वच्छता एवं सैनिटेशन संबंधी नियमों के अनुपालन, सुरक्षित पेयजल की गुणवत्ता, कीट नियंत्रण उपायों, खाद्य पदार्थों की उचित भंडारण व्यवस्था तथा खाद्य व्यवसायों में राइट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत आरयूसीओ (रीयूज्ड कुकिंग ऑयल) और फूड फोर्टिफिकेशन जैसे विषयों पर भी जागरूक किया। कार्यशाला के दौरान उपयुक्त खाद्य सुरक्षा कुमाऊं मंडल ने उपस्थित होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत निर्धारित सभी प्रावधानों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में उपयुक्त खाद्य सुरक्षा कुमाऊं मंडल डॉ. राजेन्द्र सिंह कत्यायत, सहायक आयुक्त एवं अभिहित अधिकारी ललित मोहन पाण्डेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुद्रपुर अमित आर्य सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें होटल रेजिडेंसी, होटल अनुराग, होटल ली कैसल्स, होटल रुद्र कॉन्टिनेंटल, होटल सौम्या, होटल वीम्स, होटल उदय रेजिडेंसी, होटल जिंजर, होटल रोजवुड, बेकरोन स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट, नवरा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट, रूपम स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट, गुलाब स्वीट्स, पप्पू ढाबा, स्काई 9 सहित लगभग 50 प्रतिभागियों ने भागीदारी की।




# रमेश गंगवार पुनः बने भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान

रुद्रपुर। भारतीय योग संस्थान की बैठक में वरिष्ठ योग साधक एवं पूर्व जिला प्रधान रमेश गंगवार को सर्वसम्मति से पुनः जिला प्रधान निर्विरोध चुना गया। वहीं बी.एस. त्रिपाठी को रुद्रपुर क्षेत्र तथा भूपाल सिंह नेगी को किच्छा क्षेत्र का क्षेत्रीय प्रधान निर्विरोध चुना गया। इसके अलावा बी.के. शर्मा को भी क्षेत्रीय स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर रुद्रपुर स्थित दिव्य शक्ति मंदिर एलायंस तथा किच्छा के पटेल पार्क आवास में आयोजित तीन दिवसीय मोटापा रोग निवारण योग शिविर का समापन भी किया गया। शिविर में हरिद्वार से आए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश सिंगले ने रुद्रपुर में योग साधकों को उत्कृष्ट योग प्रशिक्षण दिया। किच्छा शिविर में श्रीमती प्रवीण अरोड़ा, श्रीमती सुरेंद्र कौर एवं अन्य योग प्रशिक्षकों ने योग साधना का संचालन किया। रुद्रपुर शिविर में करीब 125 साधक-साधिकाओं तथा किच्छा शिविर में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार चौधरी, सुरेश अग्रवाल, महावीर चौधरी, डॉ. बी.डी. राय, रमेश गुप्ता, ललिता रावत, हरीश अरोड़ा, कमला सिंह, नीलम अग्रवाल, मंजुल गंगवार, एन.एल. गंगवार, ज्ञानचंद, सुभाष गुम्बर, लक्ष्मीचंद शर्मा, सीमा अरोड़ा, हरनाम चौधरी, दिग्विजय सिंह चौहान, ललित बिष्ट, बीना पहवा, विमला बंसल सहित अनेक योग साधकों का विशेष योगदान रहा। भारतीय योग संस्थान के पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए योग के प्रचार-प्रसार एवं जनस्वास्थ्य जागरूकता के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।








# आईटीसी लिमिटेड में पंतनगर विवि के आठ विद्यार्थियों का चयन

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से मैसर्स आईटीसी लिमिटेड द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के आठ विद्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरांत 4.62 लाख रुपये से 6.70 लाख रुपये प्रतिवर्ष के आकर्षक पैकेज के साथ अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। चयनित विद्यार्थियों में बीटेक फूड टेक्नोलॉजी की रोमा चम्याल एवं सुनिधि डबराल, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के स्निग्ध अवस्थी, बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पृथ्वीराज सिंह कार्की एवं प्राची नेगी, एमएससी एग्रीकल्चर (मृदा विज्ञान) के रोहित कुमार दत्ता, एमएससी एग्रीकल्चर (एग्रोनॉमी) की वर्णिका त्रिपाठी तथा एमएससी एग्रीकल्चर (हॉर्टिकल्चर) की कशिश पंवार शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एम.एस. नेगी तथा सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि निदेशालय विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के माध्यम से अधिकाधिक विद्यार्थियों के सेवायोजन के लिए कार्य करता रहेगा।



# वार्ड पांच में सीसी मार्ग व सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नगर पंचायत दिनेशपुर के वार्ड नंबर पांच में बुध वार को दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कावल सिंह एवं वार्ड पांच सभासद प्रतिनिधि तथा भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री सौरभ मंडल ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने विकास कार्यों के लिए नगर पंचायत का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार दुर्गा मंदिर तहबाजार क्षेत्र में लगभग 16 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएगा। वहीं केशव मलिक के घर से मछली मार्केट स्थित पाल मटन शॉप तक करीब 13 लाख रुपये की लागत से सीसी मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र की सड़क व्यवस्था बेहतर होने के साथ जल निकासी की समस्या का भी समाधान होगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि कावल सिंह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सौरभ मंडल ने कहा कि वार्ड के विकास और लोगों की सुविधाओं के लिए आगे भी इसी तरह के कार्य कराए जाते रहेंगे। इस अवसर पर सभासद राखल मंडल, सभासद नारायण मंडल, सभासद संजय सरकार, सभासद प्रतिनिधि प्रीतम गायन, वार्ड नंबर पांच के पूर्व सभासद शिरवा ढाली, आलता मजूमदार, निर्मल मजूमदार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

# सहकारी समिति के पदाधिकारियों को सांसद भट्ट ने दिलाई शपथ

गदरपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं 12 सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने समिति की अध्यक्ष प्रकाश रानी कंबोज, उपाध्यक्ष तथा सभी निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद अजय भट्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा तथा उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद, बीज और अन्य कृषि संसाधनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के किसानों को खाद अथवा कृषि संबंधी आवश्यक वस्तुओं की किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इनके माध्यम से किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का



आहवान किया। भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि प्रदेश सरकार और संगठन किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। नवनिर्वाचित समिति किसानों और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहयोग करेगी। वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश कंबोज ने कहा कि समिति किसानों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगी। उन्होंने कहा कि खाद, बीज एवं अन्य कृषि संसाधनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर बहुउद्देशीय गदरपुर किसान सेवा सहकारी समिति की ओर से सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन सौंपकर समिति के नए भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, मनोज कुमार गुबर, तिलक गंभीर, पूजा भट्ट, सुखदेव सिंह नामधारी, सुरेंद्र रामधारी, सुभाष बेहड़, कश्मीर कंबोज, सतनाम कंबोज, पृथ्वी बजाज, प्रमोद कंबोज, अमरीक सिंह, प्रीत ग्रोवर, ज्योति ग्रोवर, रविंद्र बजाज और अविनाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गई।







# युवक की जीभ काटने के मामले का मुख्य आरोपी दबोचा

## रम्पुरा में पुरानी रंजिश के चलते हुआ था जानलेवा हमला, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते युवक पर जानलेवा हमला कर उसकी जीभ काटने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल 2026 को रम्पुरा क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर राजू पुत्र जागन, जितेन्द्र पुत्र जागन लाल, जितेन्द्र पुत्र बादाम सिंह, सचिन पुत्र कुंवरपाल तथा जीत पुत्र जगदीश निवासी रम्पुरा ने राज कोली पुत्र स्वर्गीय वीरपाल निवासी रम्पुरा पर हमला कर दिया था। आरोप है कि हमले के दौरान आरोपियों ने अत्यधिक क्रूरता का परिचय देते हुए राज कोली की जीभ काट दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के संबंध में कोतवाली रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की



थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसके बाद पुलिस टीमों द्वारा लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। फरार आरोपियों के खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट भी प्राप्त किए गए थे। लगातार प्रयासों के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मामले का मुख्य आरोपी जितेन्द्र पुत्र जागन लाल रम्पुरा क्षेत्र में मौजूद है और कहीं फरार होने की तैयारी में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अग्रिम कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी जितेन्द्र पुत्र जागन लाल वार्ड संख्या 24, रम्पुरा, कोतवाली रुद्रपुर का निवासी है और उसकी उम्र लगभग 32 वर्ष बताई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि ऊधम सिंह नगर पुलिस अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ पूरी दृढ़ता के साथ कार्रवाई कर रही है। गंभीर अपराधों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रकाश दानू, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल जोशी, चौकी प्रभारी रम्पुरा उपनिरीक्षक पंकज कुमार, उपनिरीक्षक धीरज टम्टा, हेड कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल विजय दरमाल, मोहन खाती, रघुनाथ, जगदीश पाठक एवं पूरन सिंह शामिल रहे।

# विहिप और बजरंग दल के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया

गदरपुर(उद संवाददाता) । भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नरेश हुंडिया ने विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नरेश हुंडिया ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल समाज तथा राष्ट्रहित के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन के नए पदाधिकारियों के नेतृत्व में हिंदू समाज को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा सामाजिक,



सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों को नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का कार्य करती है। युवा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से राष्ट्र निर्माण और सामाजिक जागरूकता के अभियान को और अधिक गति मिलेगी। सम्मानित किए गए पदाधिकारियों में विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष हिमांशु हुंडिया, खंड अध्यक्ष जसवीर चीमा, बजरंग दल के सहसंयोजक संजू शर्मा, नगर उपाध्यक्ष दीपक कालरा, नगर मंत्री प्रमोद सैनी तथा प्रखंड संयोजक संजू शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिलावटखोरी में छह कारोबारियों पर लगा 20.85 लाख का जुर्माना


रुद्रपुर। खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले कारोबारियों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) एवं न्याय निर्णायक अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा की अदालत ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत छह मामलों का निस्तारण करते हुए संबंधित कारोबारियों पर कुल 20.85 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एडीएम कोर्ट में लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान मई 2026 तक के 65 प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें से छह मामलों में अंतिम आदेश पारित किए गए। जांच में संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा खाद्य सुरक्षा मानकों, लाइसेंस और पंजीकरण संबंधी नियमों का उल्लंघन पाया गया। अदालत के आदेश के अनुसार काशीपुर स्थित रिंकू चौधरी डेयरी के संचालक चंद्रहास सिंह पर 4.90 लाख रुपये, बाजपुर के विलाल किराना स्टोर के संचालक मोहम्मद विलाल शेख पर 4.80 लाख रुपये तथा सलीम पर 4.65 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। इसके अलावा रुद्रपुर स्थित नामधारी डेयरी के संचालक सुमित कुमार पर 4.90 लाख रुपये, पंतनगर सिडकुल स्थित एक फूड प्रोडक्ट्स इकाई के संचालक अभिषेक पर 80 हजार रुपये तथा सितारगंज की आशु स्वीट्स के संचालक अहमद खान पर 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने शेष 59 लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# विधायक ने बसंतीपुर में किया नाली निर्माण का शिलान्यास

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बसंतीपुर क्षेत्र में दशकों से चली आ रही जल निकासी की समस्या के समाधान की दिशा में बुधवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। विधायक शिव अरोरा ने 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाली लगभग आधा किलोमीटर लंबी नाली निर्माण परियोजना का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए विधायक का फूलमालाओं से स्वागत किया। बसंतीपुर गांव की स्थापना वर्ष 1952 में हुई थी। तब से लेकर अब तक क्षेत्र के लोग जल निकासी की गंभीर समस्या से जूझ रहे थे। बरसात के मौसम में जलभराव के कारण लोगों का आवागमन बाधित हो जाता था। विशेषकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानियों का



सामना करना पड़ता था। ग्रामीण लंबे समय से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे थे। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा कि बसंतीपुर के लोग पिछले लगभग सात दशकों से जल निकासी जैसी गंभीर समस्या का सामना कर रहे थे। नाली निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बरसात के दौरान होने वाले जलभराव से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी और इसके पूरा होने से गांव की मूलभूत सुविधाओं में महत्वपूर्ण सुधार आएगा। विधायक ने कहा कि उनके कार्यकाल में ऐसे कई विकास कार्य कराए गए हैं जिनकी वर्षों से उपेक्षा होती रही थी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया गया, लेकिन पूर्व में केवल घोषणाएं होती रहीं और समस्या जस की तस बनी रही। अब इस नाली निर्माण कार्य के माध्यम से क्षेत्र की एक बड़ी समस्या का स्थायी समाधान होने जा रहा है। कार्यक्रम में गदरपुर ब्लॉक प्रमुख पति प्रति ग्रोवर, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश बजाज, जितेश पाइक, मनोज मिस्त्री,मनोज मंडल, अर्जुन कुमार, भोला, इंद्रपाल चौधरी, अरविन्द कुमार, विजय प्रसाद, प्रदीप, मुकेश सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# इमारतों में भीषण अग्निकांड

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस साल आग लगने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। इन हादसों से बार-बार महानगर के बुनियादी ढांचे, विद्युत प्रणालियों और सुरक्षा नियमों में खामियां सामने आती हैं।ताजा मामला दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के एक होटल में लगी भीषण आग का है, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले विवेक विहार में लगी आग में नौ लोगों की जान चली गई थी। इस तरह की घटनाओं ने अवैध निर्माण, प्रशासनिक ढिलाई और कानूनों की अवहेलना की बढ़ती परिपाटी के खतरनाक गठजोड़ को उजागर किया। अग्नि सुरक्षा तंत्र और प्रशासनिक ढांचा कागजों तक सीमित हैं।मालवीय नगर के जिस होटल में आग लगी, वहां सरकार ने छह कमरों की इजाजत दी थी और 25 कमरे चलाए जा रहे थे। नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा था। सवाल यह है कि कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियां क्या कर रही थीं?दिल्ली के शहरी विस्तार ने एक विरोधाभास पैदा कर दिया है। यहां प्रशासन विकेंद्रित है। कई एजेंसियोंख्रदिल्ली दमकल सेवा, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण, राज्य सरकार आदि के बीच कामकाज बंटा हुआ है। जब कोई हादसा होता है, तो एक विभाग दूसरे पर आरोप मढ़ कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। प्रशासनिक गतिरोध के कारण जवाबदेही शून्य हो जाती है। संकरी गलियां, अनधिकृत निर्माण, एक ही प्रवेश एवं निकास द्वार, और अग्नि अनापत्ति प्रमाणपत्र के बिना काम चलाना आम बात है। सख्त कानूनों के बावजूद, जमीनी स्तर पर भवन निर्माताओं और अवैध संचालकों में नियमों के पालन का कोई डर नहीं है। कई इमारतें और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाएं, जो अवैध होती हैं, उनमें अक्सर अग्नि सुरक्षा नियम का ध्यान नहीं रखा जाता। अग्नि सुरक्षा को दरकिनार किया जाना भी गंभीर चिंता का विषय है। इस तरह के हादसे प्रशासनिक और नागरिक लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण है। सवाल उठता है कि अनियोजित विस्तार की अंधी दौड़ में जान-माल से समझौता कब तक होता रहेगा? नगर निकायों से संबंधित नियम शहरी सुरक्षा की रीढ़ होते हैं। आपातकालीन निकास, विद्युत भार क्षमता, निर्धारित दूरी और अग्नि सुरक्षा मार्गों और भवन निर्माण से संबंधित मानदंड दशकों के अनुभव के आधार पर तैयार किए गए हैं। इनका उल्लंघन इमारतों को मौत के जाल में बदल देता है। सुविधा, प्रतिष्ठा या लाभ की लालसा में कानूनों को दरकिनार करने की प्रवृत्ति हादसों को निमंत्रण देती है।कायदे से नियमों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। इन्हें ताक पर रखकर इमारत बनाने वालों और रिश्वत लेकर उन्हें मंजूरी देने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है। नगर निकायों को नियमों के अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाना चाहिए। शहरी आवास के बदलते स्वरूप भी चिंताजनक हैं। शहर आधुनिक विलासिता तो चाहता है, लेकिन अक्सर सुरक्षित जीवन के मूलभूत सिद्धांतों की उपेक्षा करता है। एक आधुनिक शहर वह नहीं है, जिसमें ऊंची इमारतें, विलासिता, अनाप-शनाप कमाई हो, बल्कि वह है जहां मानव जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# चम्पावत में 'खेत बचाओ अभियान' का आगाज ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगी कार्यशालाएं

चम्पावत। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के आह्वान पर जनपद चम्पावत में 01 जून 2026 से 30 जून 2026 तक ष्खेत बचाओ अभियानष संचालित किया जा रहा है। एक महीने तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह में 5 दिन विभिन्न जागरूकता और विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देना, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन, मौसम आधारित कृषि परामर्श उपलब्ध कराना और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। साथ ही, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), फार्मर रजिस्ट्री और सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ना भी इस अभियान का अहम हिस्सा है। इस अभियान को धरातल पर उतारने के लिए जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में एक दिवसीय कार्यशालाओं का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं में कृषि विज्ञान केंद्र और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ ही कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं बैंकिंग प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। ये विशेषज्ञ किसानों को आधुनिक खेती के गुर सिखाने के साथ ही विभागीय योजनाओं और सब्सिडी की विस्तृत जानकारी मौके पर ही उपलब्ध कराएंगे। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने जनपद के सभी किसान बंधुओं और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे 03 जून 2026 से 30 जून 2026 तक प्रातः 11:00 बजे से अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। कृषक बंधु इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी खेती को और अधिक उन्नत, वैज्ञानिक और लाभप्रद बनाने में सहयोग करें।

# जिप्सी और बाइक की भिड़ंत, दो युवक गंभीर

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर सीताबनी मार्ग पर बुधवार दोपहर एक जिप्सी वाहन और बाइक की आमने सामने की भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम जस्सागांजा निवासी दर्शन, मोहित और भूपेंद्र एक बाइक पर सवार होकर सीताबनी की ओर से रामनगर लौट रहे थे। इसी दौरान पाटकोट के समीप उनकी बाइक की टक्कर एक जिप्सी वाहन से हो गई। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को संयुक्त चिकित्सालय रामनगर पहुंचाया। अस्पताल की चिकित्सक डॉ. हिमानी ने बताया कि उपचार के दौरान दर्शन और मोहित की स्थिति गंभीर पाए जाने पर उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जबकि भूपेंद्र का उपचार अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची और घायलों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना देने के साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय बाइक पर सवार युवक नशे की हालत में होने की बात भी सामने आई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

# राज्यपाल ने उत्पाद प्रदर्शनी का किया अवलोकन

नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को लोक भवन नैनीताल में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा आयोजित उत्पाद प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में नैनीताल जनपद के विकासखंड भीमताल, कोटाबाग, धारी, रामगढ़, हल्द्वानी एवं रामनगर की महिला स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। राज्यपाल ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित वुडन कलाकृतियों, ऐपण कला, बेकरी उत्पादों, अचार, जैम, मसालों तथा विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों का अवलोकन किया और महिलाओं की रचनात्मकता, गुणवत्ता, नवाचार तथा उद्यमशीलता की सराहना की। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर महिलाओं से संवाद किया तथा उनके कार्यों, उत्पादन प्रक्रिया और विपणन गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस दौरान ष्लखपति दीदीष बनी महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की मातृशक्ति अपनी मेहनत, लगन, प्रतिभा और संकल्प के बल पर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के भीतर अद्भुत रचनात्मक क्षमता, उत्पादकता और कुछ नया करने का जज्बा है, जो उन्हें विशिष्ट बनाता है। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की गुणवत्ता, प्रस्तुतीकरण और विविधता में उल्लेखनीय सुधार दिखाई दे रहा है। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं ने केवल उत्पाद निर्माण तक स्वयं को सीमित नहीं रखा है, बल्कि गुणवत्ता सुधार, डिजिटलीकरण, विपणन और उपभोक्ता की आवश्यकताओं को समझते हुए अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन महिलाओं के आत्मविश्वास और निरंतर उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदमों का प्रमाण है। उन्होंने महिला उद्यमियों से अपने उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रांडिंग और डिजिटल मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में केवल उत्पाद बनाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी विशिष्टता, आकर्षक प्रस्तुति और प्रभावी विपणन भी सफलता के महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने महिलाओं को अपने उत्पादों में अधिक से अधिक मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सीडीओ नैनीताल श्री अरविन्द पांडे, सहायक परियोजना निदेशक श्रीमती चंद्रा फर्त्याल, डीडीओ श्री गोपाल गिरी गोस्वामी सहित स्वयं सहायता समूहों की सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।





# डीएम ने किया अपशिष्ट निस्तारण स्थल का स्थलीय निरीक्षण

चंपावत (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के क्रम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने नगर पालिका परिषद चंपावत के ललुआपानी रोड स्थित अपशिष्ट निस्तारण स्थल (लेगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट) के कार्यों का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता व्यवस्था एवं कूड़ा निस्तारण से जुड़े मानकों की अनदेखी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखंड द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में बताया कि माननीय एनजीटी में योजित वाद अंतर्गत आगामी सुनवाई प्रस्तावित है, जिसके दृष्टिगत जनपद के सभी नगर निकायों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरणीय सुधार कार्यों तथा स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित अपनी अद्यतन (अपडेटेड) अनुपालन रिपोर्ट निधारित समयावधि में निदेशालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कूड़ा निस्तारण एवं अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित आंकड़ों की रिपोर्टिंग पूरी पारदर्शिता और सत्यता के साथ की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, अपूर्ण डेटा अथवा रिपोर्ट प्रस्तुत करने में देरी को गंभीर लापरवाही माना जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि माननीय एनजीटी द्वारा निर्धारित समय-सीमा का प्रत्येक दशा में अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं, तो इसे शासन के आदेशों की अवहेलना और दायित्वों के निर्वहन में गंभीर शिथिलता मानते हुए जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का प्रभावी पालन जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। इस निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भारत त्रिपाठी, सिटी मिशन मैनेजर महेश चौहान तथा अधिशासी अभियंता आशीष धीमान सहित अन्य पालिका के कार्मिक उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी ने किया संवेदनशील डेंजर जोन 'स्वाला' का निरीक्षण

चम्पावत । जनपद के अत्यधिक संवेदनशील डेंजर जोन श्स्वालाश का गुरुवार को जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा भी पूर्व में इस संवेदनशील क्षेत्र का निरीक्षण किया जा चुका है। चंपावत को एक आदर्श जनपद के रूप में विकसित करने के माननीय मुख्यमंत्री जी के संकल्प में यह क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। यह मार्ग न केवल जनपद चंपावत और पिथौरागढ़ की जीवनरेखा है, बल्कि सामरिक दृष्टि से सेना के सुगम मूवमेंट के लिए भी बेहद खास है। इस मार्ग के बाधित होने से दोनों जनपदों की आम जनता के साथ-साथ सैन्य आवागमन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि इस डेंजर जोन के स्थायी उपचार और सुधार के लिए वर्तमान में दो अलग-अलग एजेंसियांख्रहिल साइड और वैली साइडख्र युद्धस्तर पर कार्य कर रही हैं। आगामी वर्षा ऋतु की संवेदनशीलता को देखते हुए दोनों ही कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। वैली साइड में कार्यरत एजेंसी द्वारा जिलाधिकारी को आश्वस्त किया गया है कि आगामी 30 जून तक मार्ग के दोनों ओर से यातायात का सामान्य संचालन पूर्ण रूप से शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, हिल साइड में कार्यरत एजेंसी ने वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि वर्तमान में अंतिम कास्टिंग का कार्य गतिमान है, जिसे आगामी 15 दिनों के भीतर हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अभियंताओं को पूरे क्षेत्र की निरंतर और प्रभावी निगरानी (सतत सुपरविजन) करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानसून और वर्षा काल के दौरान मार्ग पर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में जेसीबी मशीनों और आधुनिक लाइटों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी भूस्खलन या आपातकालीन स्थिति में तत्काल मार्ग खोलकर यातायात बहाल किया जा सके और आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के अभियंताओं सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# पौधारोपण 5 जून को नहीं मानसून आने पर ही करें: डा.पंत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है और इस दिन लाखों पौधे रोपे जाते हैं। लेकिन इस दिन सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए पौधों में से महज एक दो प्रतिशत भी बच जाएं तो गनीमत है।नपूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं पर्यावरणविद डॉ आशुतोष पन्त ने कहा कि वह वर्ष 1988 से अब तक के अपने 38वर्षों के अनुभव के आधार पर कह सकते है कि जून में उत्तर भारत में मौसम बेहद् गर्म रहता है कहीं कहीं तो पारा 45 डिग्री के पार चला जाता है। ऐसे में धरती तप रही होती है तो उस पर लगाए गये पौधे भला कैसे बच सकते हैं। उन्होंने कहा पर्यावरण दिवस पर सरकारी और गैरसरकारी स्तर पर पौधे रोपने का एक रिवाज बन गया है, बिना यह सोचे कि ये पौधे बचेंगे भी या नहीं। जो भी पर्यावरण प्रेमी इस दिन को उत्सव की तरह मनाते हैं, उनका वह हृदय से सम्मान करते हैं पर यह समझने की जरूरत है कि इस दिन केवल पौधे लगाना हीं एक मात्र तरीका नहीं है। हम और भी बहुत सी गतिविधियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं। पॉलीथिन हटाकर, लोगों को उसका प्रयोग ना करने के प्रति जागरूक करके, पानी/बिजली बचाने का संदेश देकर, नुक्कड़ नाटकों द्वारा साफ सफाई के लिए प्रेरित करके, पर्यावरण संरक्षण विषय पर बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता कराकर, जंगल को आग से बचाने का संदेश देकर कई तरह से सकारात्मक पहल कर सकते हैं। डॉ. पंत ने कहा कि क्या हम मानसून तक इंतजार नहीं कर सकते। क्या 5 जून को ही औपचारिकता करनी जरूरी है। यदि किसी को 5 जून को पौधे लगाने का बहुत ही मन हो तो पहले यह पता कर लें कि पिछले साल इस दिन लगाए गए कितने पौधे बच पाए हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण भी धरती को बचाने के लिए बहुत जरूरी है पर वह सही समय पर किया जाय तभी उचित है। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की संकल्पना यूरोपीय देशों ने अपने हिसाब से की है। उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत में इस दौरान मौसम इस हेतु प्रतिकूल रहता है तो हमें अपने हिसाब से कार्यक्रम तय करने चाहिए। केवल फोटोशूट के लिए पौध लगाना तो उनकी हत्या करने जैसा है। मानसून आने के बाद अधिक से अधिक पौधे लगाएं और 3 साल तक उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी लें तभी पौधारोपण की सार्थकता है।



# विधायक निधि से बने विकास कार्यों का शिव अरोरा ने किया लोकार्पण

## कौशल्या एन्क्लेव फेस-२ में सुरक्षा गेट, गार्ड रूम और हाईमास्ट लाइट जनता को समर्पित

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने बुधवार को कौशल्या एन्क्लेव फेस-2 में विधायक निधि से निर्मित सुरक्षा गेट, गार्ड रूम एवं हाईमास्ट लाइट का फीता काटकर और नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर कौशल्या एन्क्लेव फेस-2 सोसायटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा कि वार्ड संख्या 16 के अंतर्गत आने वाले बिगवाड़ा क्षेत्र में उनके कार्यकाल के दौरान करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिगवाड़ा दक्ष चौक से तीन पानी डाम तक लगभग चार किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण कराया गया, जिसे क्षेत्र की लाइफलाइन माना जाता है। इसके अलावा क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में सड़क निर्माण, मंदिरों के सौंदर्यीकरण तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्य भी विधायक निधि से कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि आबादी की दृष्टि से वार्ड संख्या 16 काफी बड़ा क्षेत्र है और यहां के अधिकांश हिस्सों में विकास कार्य पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि कौशल्या एन्क्लेव फेस-2 में लगभग पांच लाख रुपये की लागत से सुरक्षा गेट और गार्ड रूम का निर्माण कराया गया है, जबकि 2.14 लाख रुपये की लागत से हाईमास्ट लाइट स्थापित की गई है। इन सुविधाओं के शुरू होने से




कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर होगी तथा रात के समय प्रकाश व्यवस्था मजबूत होने से लोगों को राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि उनकी प्राथमिकता विकास कार्यों को धरातल पर उतारना है और यही कारण है कि विधानसभा क्षेत्र में लगातार एक के बाद एक विकास परियोजनाएं जनता को समर्पित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जनता स्वयं देख रही है कि विकास कार्य किस प्रकार योजनाबद्ध तरीके से पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक लोग केवल घोषणाएं और वादे सुनते रहे, लेकिन अब विकास कार्य वास्तविक रूप से दिखाई दे रहे हैं, जिससे जनप्रतिनिधियों के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, अनिल शर्मा, संदीप राव, अशोक विश्वास, सुरेंद्र गंगवार, राजेश धीमान, प्रमोद कोठारी, देवेंद्र त्यागी, उमेश चौहान, ओम प्रकाश, राजू चौहान, तरुण चतुर्वेदी, कमल जोशी, गजेंद्र प्रजापति, राजेश कामरा, मोर सिंह, जितेंद्र संधू, एसपी यादव, सुनील यादव, मनोज मदान, सुधीर डागर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# सात लाख के ऋण ने बदली पांच महिलाओं की जिंदगी

भीमताल (उद संवाददाता)। भीमताल विकासखंड के भीमेश्वर ग्राम संगठन से जुड़ी पांच महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की ऐसी मिसाल पेश की है, जो ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। कभी घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित रहने वाली ये महिलाएं आज अपने सफल उद्यम के माध्यम से न केवल स्वयं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा रही हैं। सीमित आय और संसाधनों के कारण इन महिलाओं के लिए स्वयं का



व्यवसाय शुरू करना आसान नहीं था, लेकिन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्राप्त सात लाख रुपये के ऋण ने उनके सपनों को नई उड़ान दी। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने भीमताल विकास भवन परिसर में षमिलेट बेकरी ग्रोथ सेंटरष की स्थापना की, जो आज उनकी पहचान बन चुका है। मिलेट बेकरी ग्रोथ सेंटर के माध्यम से महिलाएं विभिन्न प्रकार के पौष्टिक उत्पाद तैयार कर रही हैं। यह केंद्र उनके लिए आय का सशक्त माध्यम बनने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का भी केंद्र बन गया है। वर्तमान में इस इकाई के माध्यम से तीन अन्य लोगों को भी रोजगार मिला हुआ है। समूह की महिलाओं द्वारा संचालित यह उद्यम प्रतिमाह लगभग 60 हजार रुपये की आय अर्जित कर रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और परिवार की आय बढ़ने के साथ उनका आत्मविश्वास भी मजबूत हुआ है। महिलाओं का कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ और सामूहिक प्रयास उनकी सफलता का आधार बने हैं। यह सफलता कहानी आत्मनिर्भर भारत अभियान, महिला सशक्तिकरण और मोटे अनाजों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर सामने आई है। यह दर्शाती है कि यदि सरकारी योजनाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए तो ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी उद्यमिता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकती हैं।

# चालक की मौत पर सीएम ने जताया शोक, डीएम पहुंचे गांव

चम्पावत (उद संवाददाता)। लोहाघाट पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाटन पुल के समीप बुधवार सुबह उत्तराखंड परिवहन निगम की बस दुर्घटना में चालक बेनीराम थ्वाल के निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दूरभाष के माध्यम से दिवंगत चालक के पुत्र से वार्ता कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा



दिलाया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की। दुर्घटना के बाद जिलाधिकारी मनीष कुमार ने भी गहरा दु:ख व्यक्त किया और दिवंगत चालक के पैतृक गांव स्वाला बड़ोली पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनकी हरसंभव सहायता के लिए तत्पर है। जिलाधिकारी ने बेनीराम थ्वाल द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति निभाई गई निष्ठा और सेवाओं को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दिवंगत चालक ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया, जिसे सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से अनुमन्य सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि बुधवार सुबह पाटन पुल के समीप हुई सड़क दुर्घटना में उत्तराखंड परिवहन निगम की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें चालक बेनीराम थ्वाल का असामयिक निधन हो गया था। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

# सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

भीमताल (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भीमताल प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर



बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पांडे ने कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम के तहत लगभग 3000 बोगनवेलिया पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और हरित वातावरण को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को पौधारोपण से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित समयावधि में पूरी करने तथा पौधों की गुणवत्ता और उनके संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखकर इसके दीर्घकालिक संरक्षण की भी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल एवं गरिमामय बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को पौधारोपण स्थल की व्यवस्थाएं, पेयजल, स्वच्छता, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# गोल्ज्यू महाराज के दरबार में लगाई अर्जी

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तराखंड की सह प्रभारी पूनम पंडित तथा राष्ट्रीय महासचिव शिल्पी अरोरा ने बुधवार को अल्मोड़ा के चितई स्थित न्याय के देवता गोल्ज्यू महाराज के दरबार में पहुंचकर अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने गोल्ज्यू मंदिर में अर्जी लगाकर अंकिता हत्याकांड के दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की कामना की। कांग्रेस नेत्रियों ने कहा कि अंकिता भंडारी की निर्मम



हत्या को लगभग तीन वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय नहीं मिल पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले के वास्तविक साजिशकर्ता और अन्य जिम्मेदार लोग अब भी कानून की गिरफ्त से बाहर हैं। पूनम पंडित और शिल्पी अरोरा ने कहा कि अंकिता भंडारी उत्तराखंड की बेटी थी और उसके साथ हुई घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया था। उन्होंने कहा कि मामले में न्याय की उम्मीद लेकर वे न्याय के देवता गोल्ज्यू महाराज के दरबार में पहुंची हैं और प्रार्थना की है कि दोषियों को उनके किए की सजा मिले तथा पीड़ित परिवार को न्याय प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मामलों में त्वरित और निष्पक्ष न्याय आवश्यक है। कांग्रेस नेत्रियों ने कहा कि अंकिता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग दोहराई।

## पेज एक का शेष...

**खराब मौसम बना बाधा...**संकट का सामना कर रही है। उन्होंने विदेश नीति को लेकर भी केंद्र सरकार की आलोचना की। राहुल गांधी ने कहा कि देश की विदेश नीति स्वतंत्र और मजबूत होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में भारत की नीतियां बाहरी दबावों से प्रभावित दिखाई देती हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक संघर्षों और युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण आर्थिक चुनौतियां बढ़ी हैं, जिसका असर आम लोगों की जिंदगी पर पड़ रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए राहुल गांधी ने उन्हें 'बब्बर शेर' बताते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता जनता के मुद्दों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों को जनता के बीच ले जाने का आह्वान किया। संबोधन के अंत में उन्होंने कहा कि वह जल्द ही उत्तराखंड आएंगे और कार्यकर्ताओं के बीच प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर संवाद करेंगे। इससे पूर्व जनसभा को उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक सुमित हृदयेश,कांग्रेस नेता रणजीत सिंह रावत, विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कांग्रेस की विचारधारा और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मौसम की बाधा के कारण कार्यक्रम प्रभावित हुआ, लेकिन राहुल गांधी का संदेश कार्यकर्ताओं तक पहुंच गया है और इससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

**दस लाख की चरस...**कुल 1 किलो 150 ग्राम चरस बरामद होने पर दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पंतनगर थाने में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बरामद चरस उन्हें चम्पावत जिले के पाटी क्षेत्र निवासी नीरज बिष्ट ने उपलब्ध कराई थी। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगी है। साथ ही चरस सप्लाई करने वाले आरोपी और नेटवर्क के अन्य सदस्यों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में सुमित सिंह चमयाल निवासी ग्राम पखोंटी, थाना पाटी, जनपद चम्पावत तथा योगेश लमगड़िया निवासी कटना, थाना मुक्तेश्वर, जनपद नैनीताल शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि जनपद में नशा तस्करी और नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार के तहत लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले नशा तस्करों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। कार्रवाई करने वाली टीम में एएनटीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, प्रभारी थानाध्यक्ष पंतनगर उपनिरीक्षक नन्दन रावत, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप बिष्ट, चौकी प्रभारी सिडकुल उपनिरीक्षक हेमन्त कठेत, मुख्य आरक्षी हरीश बिष्ट, मुख्य आरक्षी भुवन चन्द्र पाण्डेय तथा महिला आरक्षी कल्पना नेगी शामिल रहे।

**रंगदारी मामले मे ...**गोलू कोटिया अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि जनपद में अवैध वसूली, रंगदारी और गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन को भयभीत कर धन उगाही करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**नाबालिग के संपर्क...**बदनामी और डर के मारे किशोरी ने यह बात अपने पिता या बहनों को नहीं बताई थी।पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सैनी ने बताया पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पीड़ित किशोरी और आरोपी किशोर दोनों ही नाबालिग हैं। परिजनों की शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

**पंतनगर में राहुल गांधी...**जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, विधायक काजी निजामुद्दीन, महानगर अध्यक्ष ममता रानी सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। एयरपोर्ट परिसर में राहुल गांधी के आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

**कंपनी जाते श्रमिक की...**जहां हरपाल सिंह ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक हरपाल सिंह के परिजन चिकित्सालय आ गये और उनमें कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। पुलिस ने घटना के आरोपी ट्राला अपने कब्जे में ले लिया है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा पुत्र गोपाल सिंह रावत एवं पुत्रवधू इन्द्रा रावत को उनके अनुचित आचरण एवं परिवार विरोधी गतिविधियों के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उक्त दोनों व्यक्तियों का मेरे एवं मेरे परिवार से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहेगा। उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन-देन, ऋण, समझौते, विवाद अथवा अन्य कार्यों के लिए मैं अथवा मेरा परिवार किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

-दीवान सिंह रावत पुत्र किशन सिंह रावत निवासी पश्चिमी राजीव नगर, बिंदुखत्ता तह. लालकुआं, जिला नैनीताल

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर भाकियू ने की कार्रवाई की मांग

गदरपुर (उद संवाददाता)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने कोतवाली गदरपुर में तहरीर देकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। भाकियू पदाधिकारियों का आरोप है कि टिप्पणी से सिख समुदाय और महिलाओं की भावनाएं आहत हुई हैं। भाकियू के मंडल महासचिव विक्रम सिंह गौराया ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि फेसबुक पर एक व्यक्ति, जो स्वयं को भाजपा मंडल रुद्रपुर से जुड़ा बताता है, द्वारा की गई टिप्पणी में सिख समुदाय के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। साथ ही महिलाओं के प्रति भी



आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर इस प्रकार की टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का काम करती हैं और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। भाकियू पदाधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित फेसबुक प्रोफाइल संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने उपनिरीक्षक संजय बोरा को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। तहरीर देने वालों में हरप्रीत सिंह निज्झर, हैप्पी विर्क, प्रिंस ढिल्लों, हरपाल सिंह विर्क, मनमोहन सिंह बल, हरीश शर्मा डंपी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हांगकांग और मकाऊ में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे डॉ. ध्रुव पांडेय

## अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत का प्रतिनिधित्व करने रवाना हुए शिक्षाविद

किच्छा (उद संवाददाता)। वसंत गार्डन कॉलोनी निवासी एवं कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय नौली के



प्रधानाध्यापक डॉ. ध्रुव कुमार पांडेय हांगकांग और मकाऊ में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए रवाना हो गए हैं। 4 जून से 8 जून 2026 तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत सहित विभिन्न देशों के शिक्षाविद और शोधकर्ता प्रतिभाग करेंगे। डॉ. पांडेय ने बताया कि संगोष्ठी में भारत से लगभग 40 शिक्षाविद हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान वे शिक्षा एवं शोध से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इससे पूर्व भी वह 25 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. पांडेय छह पुस्तकों का लेखन कर चुके हैं। इनमें इन्वायरमेंटल इश्यूज एंड पॉलिसीज, प्राचीन शिक्षा प्रणाली तथा संस्कार, भारतीय समाज में शिक्षा, आधुनिक भारत का सामाजिक इतिहास, भारतीय शिक्षा की सामाजिक समस्याएं तथा भारत का सांस्कृतिक इतिहास प्रमुख हैं। इसके अलावा उनके 15 बुक चौप्टर और 20 शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उनके नाम दो पेटेंट भी दर्ज हैं। डॉ. पांडेय को शिक्षण और अनुसंधान क्षेत्र में दो दशक का अनुभव प्राप्त है। उनकी शैक्षणिक योग्यता में अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, हिंदी और मनोविज्ञान विषयों में परास्नातक उपाधियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने बीएड, एमएड, पीजीडीसीए, बीलिब, एमलिब, एफसीईडी तथा शिक्षाशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। बैंकॉक में थाई भारत गौरव सम्मान, नेपाल के त्रिभुवन विश्व विद्यालय में शिक्षा गौरव सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, भूटान की राजधानी थिम्पू में अंतरराष्ट्रीय मानस हिंदी सेवा सम्मान तथा शिलांग में श्रीकृष्ण जैन स्मृति सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। डॉ. पांडेय इससे पूर्व नेपाल, भूटान, थाईलैंड, इंडोनेशिया, वियतनाम, दुबई और जापान सहित कई देशों में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में भी अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। उन्हें शिक्षक रत्न सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। उन्होंने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर में वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता के रूप में भी सेवाएं दी हैं। डॉ. पांडेय की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षकों, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# देहरादून एफआरआई रेंजर्स कॉलोनी की भूमि में बना दी मजार, कर दी वक्फ में दर्ज

## जमीनी दस्तावेज नहीं मिले, नहीं चढ़ी उम्मीद पोर्टल पर

देहरादून। भारत सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों को दस्तावेज प्रमाण के साथ उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करने की समय सीमा बढ़ाने के बावजूद सैकड़ों संपत्तियां ऐसी सामने आई है जोकि पोर्टल पर दर्ज नहीं की जा सकी है। ऐसा इस लिए हुआ है कि इन संपत्तियों के जरूरी दस्तावेज नहीं मिल रहे। ये भी जानकारी मिली है जिन संपत्तियों को पूर्व में वक्फ में दर्ज कर दिया गया था वो सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जे करके बनाई गई थी। उल्लेखनीय है कि वक्फ संपत्ति वो ही कहलाई जाती है जोकि किसी व्यक्ति द्वारा दान में दी गई होती है और उसकी आय से गरीबों का भला किया जाता हो। देहरादून की फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट कॉलोनी कॉन्वेंट रोड की मजार भी ऐसी संपत्ति के रूप में सामने आई है जोकि वक्फ में यूके डीडी 0334 चढ़ा दी गई,जबकि वो वन विभाग की सरकारी भूमि पर है। अब जब भारत सरकार के उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करने का विषय आया तो मजार प्रबंधकों के पास उसके कोई दस्तावेज नहीं मिल रहे, मिलेंगे भी तो कैसे ? वो को दान संपत्ति तो है नहीं और सैय्यद जमाल शाह जिनके नाम की ये मजार है वो इस जमीन के न तो कभी वारिस थे न ही उनके कोई परिजन इसके स्वामी थे। बताया जाता है कि सैय्यद



जमाल शाह के नाम से अन्य स्थानों पर भी फ्रेंचाइजी मजारे बनी हुई है यानि ये स्पष्ट नहीं है कि उनकी असली मजार कौन सी है जहां उन्हें दफनाया गया हो। फॉरेस्ट रेंजर्स कॉलोनी की इस मजार को लेकर तमाम सवाल भी उठते रहे है कि यहां आने जाने के लिए फॉरेस्ट अनुसंधान केंद्र की कॉलोनी वालो ने ही कई चोर रास्ते खोल रखे है क्योंकि यहां गुरुवार को भीड़ आती है। बाहर कॉन्वेंट रोड पर चादर, गोली प्रसाद, अगरबत्ती का धंधा यहां के खादिम परिवार के लोग चलाते है। खादिम यहां ताबीज बनाने ,झाड़ फूंक करने के बदले मोटी रकम वसूल कर अपना धंधा पानी चला रहे है। खास बात ये भी है इस अंधविश्वास के शिकार हिंदू लोग ज्यादा है क्योंकि मुस्लिम किसी भी मजार पर सजदा करने नहीं जाते वो खुदा के अलावा किसी के आगे नहीं सर नहीं झुकाते। बरहाल ये मजार सरकारी भूमि पर है और इसके खादिमों के पास इसके भूमि संबंधी दस्तावेज नहीं है, जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन अब इस पर नोटिस देने की कारवाई करने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पुष्कर सिंह धामी सरकार ने सरकारी भूमि पर बनी अवैध मजारों को हटाने का काम तेज किया हुआ है अभी तक करीब 6 सौ अवैध मजारों को हटाया जा चुका है।

# उत्पादन लागत के अनुरूप तय हो वस्तुओं का अधिकतम खुदरा मूल्य

रूद्रपुर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने वस्तुओं के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को उत्पादन लागत के अनुरूप निर्धारित किए जाने तथा इस संबंध में प्रभावी नीति बनाए जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री एवं वाणिज्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी उधम सिंह नगर के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में अनेक उत्पादों पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य और उनकी वास्तविक उत्पादन लागत के बीच बड़ा अंतर देखने को मिलता है, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए ऐसी प्रभावी एमआरपी नीति बनाए जाने की आवश्यकता है, जिससे वस्तुओं का मूल्य निर्धारण पारदर्शी एवं न्यायसंगत हो सके। ज्ञापन में केंद्र सरकार से मांग की गई कि उत्पादों के मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया को अधिक जवाबदेह बनाया जाए तथा उत्पादन लागत, परिवहन, कर एवं अन्य वास्तविक खर्चों के आधार पर अधिकतम खुदरा मूल्य तय करने की व्यवस्था लागू की जाए। इससे उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर वस्तुएं उपलब्ध हो सकेंगी और बाजार में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष डॉ. हेमंत सिंह चौहान, जिला सचिव अशोक गाबड़ी, महेंद्र प्रताप मंगला, सुभाषिनी द्विवेदी, जय गंगवार, क्षेत्रीय संगठन मंत्री लाखन सिंह तथा पूनम कालरा शामिल रहे।



# डा. शाहीन की ओपीडी सेवाएं प्रतिबंधित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल द्वारा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) डॉ. शाहीन को कदाचार का दोषी पाए जाने पर उनकी ओपीडी सेवाओं पर दो माह के लिए प्रतिबंध लगाए जाने के आदेश जारी किए गए हैंउत्तराखंड मेडिकल काउंसिल द्वारा प्रेषित आदेश के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधम सिंह नगर को भी निर्देशित किया गया है कि उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधम सिंह नगर द्वारा संबंधित चिकित्सक एवं संस्थान को परिषद के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही आदेश के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के. के. अग्रवाल ने बताया कि जनपद में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता, चिकित्सकीय नैतिकता एवं मरीजों के हितों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।